# हर जनम में सांवरे का | By Mukesh Bagda

हर जनम में सांवरे का साथ चाहिए
सर पे मेरे बाबा तेरा हाथ चाहिए
सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए
मुझको तो बस इतनी सौगात चाहिए

मेरी आँखों की ज्योत तुमसे है
मेरे जीवन में मौज तुमसे है
रूठे सारी दुनिया पर तू रूठना नहीं
मुझको तेरे प्यार की सौगात चाहिए

मेरी साँसों में तुम समाये हो
मेरी दुनिया को तुम बसाये हो
दिन में साथ साथ रहो तुम मेरे
सपनो में आते रहो वो रात चाहिए

मुझपे तेरी कृपा यूँ काम ना है
फिर भी छोटी सी एक तमन्ना है
मर ना जाए याद कर श्याम ये तुझे
जीते जी तुमसे मुलाकात चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-mukesh-bagda/